Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Delhi-Nagpur Industrial Corridor Route.-Laid

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): भारत सरकार द्वारा दिल्ली नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरीडोर बनाया जाना है इस कॉरिडोर का 70 प्रतिशत हिस्सा मध्यप्रदेश से होकर गुजरेगा। यह कॉरीडोर दिल्ली से सागर नरसिंहपुर सिवनी होकर नागपुर बनाया जाना प्रस्तावित है । किंतु जानकारी है कि मध्यप्रदेश सरकार ने इसमें परिवर्तन कर नागपुर से बैतूल भोपाल सागर के रास्ते दिल्ली तक बनाने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा है। उल्लेखनीय है कि पहले से प्रस्तावित रूट को दिल्ली से सागर तक यथावत् रख आगे विदिशा, भोपाल, होशंगाबाद, बैतूल तथा नागपुर तक रूट में परिवर्तन का प्रस्ताव है । जबकि इसको परिवर्तित करने का कोई औचित्य नहीं है । पूर्व प्रस्तावित रूट जो कि एन.एच. 44 है, जो पूर्व से ही 4 लेन मार्ग है और यह मार्ग सागर से नरसिंहपुर, लखनादौन, सिवनी तथा नागपुर से कन्याकुमारी तक जाता है । यदि यह कारीडोर सागर से नरसिंहपुर, सिवनी होकर जाता तो इससे नरसिंहपुर, सिवनी जिले में भी उद्योगों की स्थापना होती और सिवनी की जनता को सिवनी में ही रोजगार मिलता जिससे कि इन पिछड़े जिलों का विकास होगा । इन्डस्ट्रीयल कॉरीडोर के इस रूट के बनने से नजदीकी जिले जबलपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा तथा मण्डला को लाभ होगा इसलिए आपसे आग्रह है कि दिल्ली नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरीडोर के निर्माण के प्रस्ताव को परिवर्तित न कर इसे पूर्वानुसार बनाया जाए ।